# गंगा में धड़ल्ले से बहा रहे गंदा पानी, अधिकारी मौन


परमिया नाले से गंगा में जाता गंदा पानी। अमृत विचार


रानी घाट नाले का गंदा पानी भी गंगा में जा रहा। अमृत विचार

- रात में चोरी से टैपिंग प्वाइंट खोल देते, इससे सीवर सीधे गंगा में जाता
- हर दिन नदी के पानी में मिल रहा है करोड़ों लीटर गंदा पानी

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** अविरल गंगा निर्मल गंगा के सरकार के नारे को जल निगम के अफसर चूना लगा रहे हैं। हालत यह है कि जिन नालों को कागज पर बंद दिखाया जा रहा है उनसे अब भी पानी गंगा में गिर रहा है। यह बात अफसरों को पता है क्योंकि उनके द्वारा नामित कंपनी के कर्मचारी ही नालों के गेट को चोरी छिपे खोल रहे हैं। डबका नाला, टेफ्को नाला, एयरफोर्स नाले के साथ ही परमिया नाला और रानी घाट नाला भी गंगा में धड़ल्ले से गिर रहा है। इन नालों से हर दिन करोड़ों लीटर पानी गंगा में जा रहा है। नगर निगम और जल निगम के अधिकारी मौन तो हैं ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी खामोश हैं।

जाजमऊ के वाजिदपुर में कॉमन इफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट बना है। इस प्लांट में सिविल लाइंस, जाजमऊ समेत शहर के विभिन्न इलाकों का पानी शोधन के लिए जाता है। सीसामऊ नाले का पानी भैरोघाट मोड़ पर बने पंपिंग स्टेशन से भेजा जाता है।

इसी तरह जाजमऊ में भी पंपिंग स्टेशन बने हैं। कर्मचारियों पर आए दिन आरोप लगता है कि वे रात में चोरी से टैपिंग प्वाइंट को खोल देते हैं। इससे सीवर सीधे गंगा में जाता है। एयरफोर्स नाला और डबका नाले से तो लगातार पानी गंगा में जा रहा है। यही स्थित परमिया नाले की है। यहां भी गेट को थोड़ा खोल दिया गया है इससे पानी गंगा में जा रहा है। रानी घाट, भगवत दास घाट नाले की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है।

## अनजान यात्री से न करें दोस्ती, हो सकती जहरखुरानी

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों को जागरूक किया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति से कुछ भी खाने पीने की चीज नहीं लें। उक्त चीज में कोई नशीला पर्दाथ हो सकता है। जहरखुरानी गिरोह आपको बेहोश करके सबकुछ लूट लेगा। जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह, सब इंस्पेक्टर क्रमशः मोहम्मद खालिद खान, आशीष कुमार बौद्ध, मोहम्मद आसिफ, अजय प्रताप सिंह, शिव सिंह, विशाल सिंह के अतिरिक्त आरपीएफ प्रभारी बीपी सिंह की अगुवाई में सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। कहा गया कि यदि कोई आपको अपने पानी की बोतल से पानी दे तो भी नहीं पिएं, उसमें भी सिरिंज से जहर मिलाया जा सकता है।

## सार-संक्षेप

### बाल श्रम निषेध को लेकर निकाली जागरुकता रैली

**कानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम निषेध का लेकर जागरुकता रैली निकाली गई जिसे अपर आयुक्त पीके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में ट्रेड यूनियन एवं गैर स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल, कीर्ति वर्धन, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, भारतीय मजदूर संघ के सुखदेव मिश्रा एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद थे।


बाल श्रम रोकने के लिए रैली निकालकर जागरूक किया।

### हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी का सम्मान

**कानपुर।** व्यापारियों ने कानपुर का नाम रोशन करने वाले हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी को मोतियों की माला, शॉल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश मार्बल टाइल्स व्यापारी ट्रस्ट ने कई टीवी शो में एक्टिंग करने व राजू श्रीवास्तव के बाद हास्य जगत में कानपुर शहर का नाम रोशन करने के लिए उनकी प्रशंसा की। ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गौड़, महामंत्री शिवांशु गुप्ता, प्रदेश मंत्री दधीचि आदि मौजूद रहे।


अन्नू अवस्थी का सम्मान।

## एक नजर

### ग्वालियर-बरौनी में स्टेनलेस स्टील के कोच लगेंगे

**कानपुर।** ग्वालियर से बरौनी के मध्य संचालित हो रही ग्वालियर-बरौनी मेल ट्रेन में स्टेनलेस स्टील के कोच लगाने की तैयारी है। ये कोच किसी भी हादसे के दौरान कोच के दोनों ओर बने प्रसाधन तक ही पिचकते हैं, यात्री केबिन बिल्कुल सुरक्षित रहता है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस ट्रेन में 1 दिव्यांग कोच 5 सामान्य श्रेणी, 9 स्लीपर श्रेणी, 4 एसी तृतीय श्रेणी तथा 2 एसी द्वितीय श्रेणी कोच लगाए गए हैं। ये गाड़ी नए संशोधित कोच संरचना के साथ संचालित की जाएगी। ये स्टील से बने होते हैं और हादसे के दौरान कोच को पिचकने नहीं देते। जिससे यात्री सुरक्षित रहते हैं।

### दूसरे दिन ही हत्थे चढ़ा चोर

**कानपुर।** शर्मा कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट कंपनी का चोरी क्रेश वैरियर ज्वाइंटर व अन्य उपकरण पुलिस दूसरे दिन ही बरामद कर चोर को गिरफ्तार कर लिया। कंपनी के जूनियर इंजीनियर केशव शुक्ला निवासी ने नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा समय में कंपनी का रोड सेफ्टी काम गंगा बैराज मार्ग पर चल रहा है। संबंधित माल 35 क्रेश वैरियर ज्वाइंटर व अन्य उपकरण एनआरआई सिटी के गेट नंबर दो के समीप रखा था। जो 12/13 जून की रात चोरी कर ले गए। नवाबगंज पुलिस ने अभियुक्त कैंट के झाड़ीबाबा पड़ाव निवासी राजा को गिरफ्तार कर लिया।

# बिजली संकट बरकरार, शिकायतें बेशुमार

## लालबंगला में सुबह गई बिजली रात तक नहीं आई, शहर के अन्य हिस्सों में भी आती-जाती रही बिजली

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** शहर में भीषण गर्मी में ट्रिपिंग की समस्या काफी बढ़ गई है। कई क्षेत्रों में बिजली सुबह से लेकर शाम और फिर रात को भी गुल रह रही है। इस वजह से शहरवासी काफी परेशान हैं। लोग ऊर्जा मंत्री व मुख्यमंत्री से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके केस्को बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं कर पा रहा है।

शहर का तापमान शुक्रवार को 42.7 डिग्री सेल्सियस रहा, ऐसे में लालबंगला क्षेत्र की बिजली सुबह गुल हुई और शाम को भी नहीं आ सकी। वहीं, परदेवनपुरवा, स्वर्ण जयंती विहार, कल्यानपुर, आवास-विकास हंसपुरम समेत दो दर्जन क्षेत्रों में बिजली ने रोने को मजबूर कर दिया।

इसके अलावा बादशाहीनाका, दयानंद विहार, दबौली, बर्रा छह, न्यू आजाद नगर, शास्त्री नगर, सुतरखाना, संजय नगर, गोविंद नगर, सरोजनी नगर, मसवानपुर, आवास विकास हंसपुरम, कर्मचारी नगर, पीएसी मोड, अजमेरी चौराहा,, चमनगंज, मथुरी मोहाल, स्वरूप नगर, आदर्श नगर, रायपुरवा, देवनगर समेत 50 क्षेत्रों में बिजली का काफी संकट रहा। इन इलाकों में 10-10 मिनट में बिजली आती और जाती रही। बिजली नहीं आने से नाराज लोगों ने केस्को के टोल फ्री नंबर 18001801912 पर कॉल की, लेकिन शिकायतकर्ताओं की समस्या का समाधान नहीं हो सका। रात में दर्जनों लोग सबस्टेशनों पर पहुंचे।


ग्वालटोली क्षेत्र में मकान की बालकनी में बिजली के तारों का जाल बना खतरा।

### 24 घंटे में केस्को के पास पहुंचीं 1906 शिकायतें

- **कानपुर।** बीते 24 घंटे में केस्को के पास 1906 शिकायतें 1912 पर की गईं। केस्को का दावा है कि इन शिकायतों में से 1456 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। बाकि शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक मीरपुर मुंशीपुरवा की बिजली आपात स्थिति में शाम को सिर्फ एक घंटे नहीं थी। पनकी के यार्ड में बसबार में फॉल्ट होने से सुबह साढ़े 10 बजे से करीब 12 बजे तक बिजली व्यवधान रहा। माधवपुरम में इन्सुलेटर क्षतिग्रस्त से सुबह नौ बजे से दोपहर करीब 12 बजे तक बिजली नहीं थी। लाल बंगला मार्केट में भूमिगत केबिल फॉल्ट होने से बिजली दोपहर ढाई बजे से नहीं है।

### बोले लोग

बिजली व्यवस्था ने भीषण गर्मी में लोगों को रोने पर मजबूर कर दिया है। अधिकारियों द्वारा समय पर जरूरी कार्य नहीं करने का खामियाजा प्रतिदिन हजारों लोग भुगत रहे हैं।


**-रोहित शुक्ला, रायपुरवा**

बिजली की हालत ये है कि इंवर्टर तक लोगों के पूरी तरह से चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं व पुरुषों को भीषण गर्मी में पसीने के साथ आंसू भी बहाना पड़ रहा है।


**-सुशील कुमार, लक्ष्मीपुरवा**

केस्को अधिकारियों द्वारा जो दावे सर्दी के मौसम में किए जा रहे थे, वो वर्तमान में हवा हवाई साबित हो रहे हैं। केस्को अधिकारियों की नाकामी की वजह से सरकार की छवि धूमिल हो रही है।


**-अमोल शुक्ला, देव नगर**

घंटों तक बिजली नहीं आने की वजह से व्यापारियों व कारोबारियों को नुकसान सहन करना पड़ रहा है, गर्मी की वजह से ग्राहक दुकान में आने से कतरा रहे हैं। शिकायत केस्को अधिकारी सुन नहीं रहे हैं।


**-शैलेंद्र बाजपेई, डिप्टी का पड़ाव**

## बिजली से उद्यमी परेशान हो रहा करोड़ों का नुकसान

- उत्पादन हो रहा प्रभावित, उद्यमियों को मिले ऑर्डर हो रहे लेट
- बिजली की आवाजाही से उत्पादन की गुणवत्ता पर भी पड़ रहा असर

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** बिजली की आंख-मिचौनी से शहर की औद्योगिक इकाइयां भी प्रभावित हो रही हैं। उद्यमियों की मानें तो सिर्फ बिजली समस्या से औद्योगिक क्षेत्र में रोजाना 50 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित हो रहा है। उत्पादन प्रभावित हो रहा हैस ऑर्डर लेट हो रहे हैं और उत्पादन की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है।

उद्यमियों का कहना है कि केस्को अधिकारियों के साथ बैठकों व शिकायतों के बावजूद औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पटरी पर नहीं आ पा रही है। दिन में यदि दो से तीन बार बिजली कटौती होती है तो रोजाना का उत्पादन लक्ष्य अधूरा रह जाता है। शहर में 7 औद्योगिक क्षेत्रों में सिर्फ एमएसएमई सेक्टर की लगभग 90 हजार इकाइयों पर बिजली संकट की मार लगभग 30 करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। बड़ी यूनिट का रोजाना 20 करोड़ रुपये का उत्पाद प्रभावित हो रहा है।

बिजली की समस्या पर कई बार अधिकारियों के साथ बैठक हो चुकी है। इसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकलता है। इकाइयों में उत्पादन पर लगातार बिजली समस्या का असर पड़ रहा है। इसे जल्द न रोका गया तो स्थिति विकट हो सकती है।

**-हरेंद्र मूरजानी, प्रदेश उपाध्यक्ष लघु उद्योग भारती**





बिजली समस्या पिछले एक हफ्ते से विकराल हो गई है। इस समस्या का असर शहर के औद्योगिक स्वरूप पर पड़ रहा है। ऑर्डर समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। गुडविल पर असर पड़ने लगा है। ऑर्डर मिलने बंद हो सकते हैं।

**-अजय मिश्रा, उद्यमी**

### थानाध्यक्ष नर्वल का स्थानांतरण

**कानपुर।** महिला सम्बन्धी अपराधों पर त्वरित कार्यवाही कर उसका निस्तारण न करने के कारण थानाध्यक्ष नर्वल पुलिस स्थापना बोर्ड ने राममूरत पटेल को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। उनको पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) पर स्थानांतरित किया गया है। यह निर्णय पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं कानून व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर लिया गया है।

# नाबालिग छात्रा का ब्रेनवॉश कर ले जाते दबोचा

- छात्रा के परिजनों को खिलाईं नशीली गोलियां, सभी सो गए तो भाग निकले


तासुब।

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** फतेहपुर में कबाड़ बेचने वाला तासुब उर्फ ओवैस क्षेत्र की नाबालिग छात्रा को लेकर अहमदाबाद भागने की फिराक में था, लेकिन झकरकटी बस अड्डा पर दबोच लिया गया। संदेह होने पर बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोककर पूछताछ की और दोनों को कर्नलगंज पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में सामने आया कि तासुब ने छात्रा का ब्रेनवॉश कर उसके परिजनों को नशीली गोलियां खिला दी थीं। जिससे वह सोते रहे और दोनों भाग निकले। पुलिस की सूचना पर पहुंचे लड़की के पिता का कहना है कि मामला लव जेहाद का है। पुलिस जांच कर रही है।

छात्रा के पिता का कहना है कि स्कूल आते-जाते समय तासुब बेटी का ब्रेनवॉश करता था। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो तासुब को बेटी से दूर रहने को कहा था, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। 15 छात्रा ने इसी वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की है, जबकि 22 वर्षीय तासुब कबाड़ का काम करता है। तासुब ने पूछताछ में बताया कि पहले छात्रा को साथ चलने के लिए राजी किया। फिर उसे नशीली गोलियां दीं कि परिजनों को खिला देना, हम लोग 12 जून की रात को निकलेंगे। जब उसके परिवार वाले सो गए तो वह रात डेढ़ बजे वहां से भाग निकले। झकरकटी से सेंट्रल स्टेशन जाने की तैयारी में थे। इसी बीच रात 3.30 बजे बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने डरी-सहमी छात्रा को भांप लिया और रोककर पूछताछ की। पूरा मामला समझने के बाद कर्नलगंज पुलिस के हवाले कर दिया। जहां से छात्रा के परिजनों व फतेहपुर पुलिस को जानकारी दी गई। विधिक कार्रवाई के बाद छात्रा को परिजनों व तासुब को फतेहपुर पुलिस के सुपुर्द किया जाएगा। छात्रा के पिता ने तासुब के खिलाफ तहरीर दी है।

### पकड़ में न आएं, इसलिए अहमदाबाद चुना

तासुब कबाड़ का काम करता है, लेकिन शातिर दिमाग है। उसने बताया कि किसी के पकड़ में न आए, इसलिए 1200 किमी दूर अहमदाबाद जा रहे थे। बातचीत के दौरान उसने छात्रा को इशारों में समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन छात्रा ने डर में सच्चाई बता दी। तासुब नहीं चाहता था कि नशीली दवाओं के बारे में किसी को पता चले।

### तो पकड़ में न आते

छात्रा के पिता का कहना है कि फतेहपुर से अहमदाबाद के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है। इसलिए दोनों बस से कानपुर आए और सेंट्रल स्टेशन जा रहे थे। अगर सीधी ट्रेन मिल जाती तो तासुब पकड़ में न आता था। पता नहीं उसका क्या इरादा था। बेटी को वहां ले जाकर क्या करता।

# दोस्ती कर लो, वर्ना तेजाब से चेहरा खराब कर दूंगा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** दोस्ती कर लो, नहीं तो तेजाब डालकर चेहरा खराब कर देंगे। रिश्तेदार युवक की इस धमकी से युवती डरी है। पीड़ित युवती की तहरीर पर बर्रा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

बर्रा क्षेत्र निवासी पीड़ित युवती के अनुसार उसका रिश्तेदार आरुष श्रीवास्तव पिछले कई माह से उस पर दोस्ती करने का दबाव बना रहा है। धमकी देता है कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो उसकी फोटो एडिट कर अश्लील फोटो इंटरनेट पर वायरल कर देगा। इसकी जानकारी होने पर जब युवती के भाई ने विरोध किया तो युवक ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरुष ने उसके और उसके भाई के नामों की भी फर्जी आईडी इंस्टाग्राम पर बना रखी है, जिससे वह धमकी देता है। युवती ने बताया कि युवक की हरकतों से परेशान होकर उसने गंगा मेला वाले दिन थाने में शिकायत की थी। इसके बाद युवक की मां ने लिखित माफी मांगी थी। उसके बाद वह फिर से धमकाने लगा। बर्रा थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तीन तस्कर दबोचे, छह लाख की चरस बरामद

**कार्यालय संवाददाता कानपुर**

**अमृत विचार।** रेलबाजार पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने तीन चरस तस्करों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से छह लाख रुपये की छह किलो चरस बरामद हुई है। तस्करों के पास से एक बाइक व एक हजार रुपये भी पुलिस को बरामद हुए। तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है।

शुक्रवार को एसीपी कैंट आकांक्षा पांडेय ने रेलबाजार थाने में प्रेसवार्ता में बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लोको रेलवे कालोनी रोड पर तीनों तस्करों की तलाश में वाहन चेकिंग शुरू की। पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी तीनों बाइक से आते दिखे। इस पर उन्हें रोककर उनके बैग की तलाशी ली गई, जिसमें छह किलो चरस मिली। आरोपियों को रेलबाजार थाने ले जाकर पूछताछ की गई तो चरस की तस्करी करना कबूल किया। आरोपी बिहार मोतिहारी के नायक टोला हारपुर निवासी राम बालक शाह, नेपाल के पुखरिया का राम विनय और कानपुर के चौबेपुर चंदिका निवासी हरिओम हैं। तस्करों ने बताया कि वह नेपाल से चरस लाकर शहर समेत आसपास के अन्य जिलों में उसकी सप्लाई करते हैं।


पकड़े गए चरस तस्कर पुलिस की गिरफ्त में। अमृत विचार

**समस्या** तीन वर्षों से बस अड्डा सीवरभराव से जूझ रहा, अधिकारी मौन

# चुन्नीगंज बस अड्डा में सीवर, मच्छर मुसीबत


यात्री प्रतीक्षालय में यात्री की जगह वाहनों की भरमार। अमृत विचार


चुन्नीगंज बस अड्डे के मुख्य गेट पर सीवरभराव। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज बस अड्डा के अंदर और फजलगंज डिपो के रास्ते में भीषण सीवर भराव है। ये सीवरभराव कोई नया नहीं है बल्कि पिछले तीन वर्षों से यहां सीवरभराव की समस्या है लेकिन परिवहन अधिकारियों की लापरवाही से समस्या दूर नहीं हो रही है। नतीजा ये है कि सीवरभराव के कारण बस अड्डे पर लाखों मच्छर पैदा हो गए हैं जो यात्रियों के लिए खतरा हैं।

चुन्नीगंज बस अड्डा के अंदर सीवरभराव के कारण लाखों मच्छर पैदा हो गये हैं जो यात्रियों को बैठने नहीं देते। इसी रास्ते से फजलगंज डिपो के अंदर बसें जाती हैं। यहां इतना गंदगी भरी रहती है कि कोई भी यात्री इस गेट से नहीं बस अड्डा के अंदर नहीं जाता बल्कि दूसरे गेट से यात्री अंदर जाते हैं। बारिश करीब है, ऐसे में चुन्नीगंज बस अड्डे की क्या हालत होगी। घुटनों तक सीवरभराव होगा और यात्री बस अड्डा के अंदर नहीं आ पाएंगे। चुन्नीगंज बस अड्डा के अंदर हैण्डपंप लगा है, यहीं पर मंदिर भी है लेकिन ये पूरा क्षेत्र सीवरभराव में रहता है।

### यात्री प्रतीक्षालय बना वाहन स्टैण्ड

चुन्नीगंज बस अड्डा के अंदर यात्री प्रतीक्षालय के अंदर बेंच वाहनों से घिरी रहती हैं जिससे कोई भी यात्री यहां बैठने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। अफसोसनाक पहलू ये है कि परिवहन अधिकारी यात्री प्रतीक्षालय होते हुए कार्यालय के अंदर जाते हैं लेकिन उसके बाद भी यात्री प्रतीक्षालय से वाहनों को नहीं हटवाते हैं।

चुन्नीगंज बस अड्डा पर सीवरभराव की समस्या हल कराने की कोशिश कर रहे हैं। 4 लाख 87 हजार रुपये पास हुआ है, ठेकेदार से वार्ता चल रही है, जल्द ही इस समस्या का निदान कराया जाएगा। **-देशराज, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, चुन्नीगंज बस अड्डा**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं राम गोपाल पुत्र रघुराज, निवासी- ग्राम रामगढ़ा, मजरा-कठवारा, थाना व तहसील-बख्शी का तालाब, जिला-लखनऊ। मेरा पुत्र राजकुमार पुत्र राम गोपाल बहुत ही नशेड़ी प्रवृत्ति का व्यक्ति है तथा आये दिन मुझसे व परिवार के सदस्यों से मारपीट- लड़ाई, झगड़ा किया करता है, उक्त कृत्य में मेरी पुत्रवधू वैष्णवी पत्नी राजकुमार भी पुत्र का साथ देती है। अतः मैं अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र राजकुमार व पुत्रवधू वैष्णवी को उनके कृत्यों से तंग आकर बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र द्वारा अगर कोई भी असामाजिक कृत्य किया जाता है व किसी भी प्रकार का अपराध करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी इनकी होगी। मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार पुत्र रघुनन्दन, निवासी-फूलबाग कालोनी, कुर्सी रोड, गुडम्बा, लखनऊ** का हूँ, मेरी पुत्री सृष्टि कश्यप है, जिसकी जन्म तिथि 15/11/2010 है। मेरी पुत्री की टी.सी. में उसका नाम त्रुटिवश सृष्टि (Sristi) अंकित हो गया है, क्योंकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भी उसका नाम सृष्टि (Sristi) ही अंकित था, जब कि उसका पूरा एवं वास्तविक नाम सृष्टि कश्यप (Shristi Kashyap) है। यह कि सृष्टि व सृष्टि कश्यप दोनों एक ही महिला अर्थात मेरी पुत्री के ही नाम है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दिलीप कुमार का चाल-चलन ठीक नहीं है। उसे हम अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अवधेश पुत्र आदित्य प्रसाद व संगीता पत्नी अवधेश निवासी चौदहा मेटुकहा थाना कटरा बाजार तहसील करनैलगंज जिला गोंडा**

**सूचना**
यह कि मेरे पुत्र अरविंद कुमार व उसकी पत्नी संगीता का चाल चलन व्यवहार सही न होने कारण सभी प्रकार के पारिवारिक संबध विच्छेद कर दिए है। उन लोगो द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी व मेरे अन्य परिजन की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **मातादीन पुत्र गंगादीन निवासी हरिहरपुर डेरा थाना तिर्वा जन. कन्नौज**

**सूचना**
यह कि मेरे पुत्र अमित ऊर्फ बउआ का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए। अब उसके द्वारा किए गए किसी कार्य से मेरी व मेरे परिजनो की नही होगी। वह अपने सभी कार्य का स्वंय जिम्मेदार होगा। - **सुरेंद्र कुमार पुत्र गंगाचरन निवासी सिमुआंपुर थाना ठठिया जन. कन्नौज**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **श्यामसुन्दर साहू पुत्र शिवसहाय निवासी म0न0 4/10/22 साहबगंज थाना कोतवाली नगर तहसील सदर, जिला अयोध्या** मेरा तीसरे नम्बर का पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीती साहू का आचार विचार व व्यवहार मेरे व अन्य परिजनों के प्रति काफी क्रूरतापूर्ण रहा है वह मुझे तथा अन्य परिजनों को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहते है मेरे कहने सुनने में नहीं है। अतः अपने उक्त पुत्र रितेश साहू व उसकी पत्नी प्रीति साहू के क्रूरता पूर्ण आचार व्यवहार से व्यथित होकर दोनों लोगों को अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। अगर वह लोग मेरी चल व अचल सम्पत्ति से किसी भी प्रकार का लेन देन अथवा कोई लिखा पढ़ी करते है तो शून्य समझा जायेगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शपथी के पुत्र रितेश साहू व बहू प्रीती साहू की होगी मेरा कोई लेना देना नहीं होगा।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैं सरोज द्विवेदी पत्नी रविंद्र कुमार द्विवेदी, निवासी- 68 मो.रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या मै. अवध होटल ग्राम माझा बरहटा परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या में साझेदार थी। व्यक्तिगत कारणों से अवध होटल से स्वेच्छा से दिनांक 10 जून 2025 से अलग हो गई हूं एवं श्रीमती सोनपती देवी पत्नी ज्ञानचंद द्विवेदी निवासी-68 मो. रामघाट पो. शहर व जिला अयोध्या उपरोक्त फर्म की एक अन्य साझीदार थी जिनका निधन दिनांक 8 मई 2021 हो गया है। हम उपरोक्त दो साझीदारों का कोई अंश उक्त अवध होटल से बकाया नहीं है।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

तेज हवाएं, आंधी आने की संभावना है, दो-तीन दिन बाद बारिश के आसार बन रहे हैं।

| 42.0° अधिकतम तापमान | 34.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:03 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### शहर में आज

- **सम्मेलन :** एआईसीसी की ओर से संविधान बचाओ सम्मेलन दशानन गेस्ट हाउस गोविंद नगर में शाम 6 बजे।
- **शरबत वितरण :** दिव्यांग डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से शरबत वितरण दर्शन पुरवा में सुबह 11.30 बजे।
- **श्रद्धांजलि सभा :** अखिल भारतीय ओमर उमर वैश्य युवजन संघ की ओर से श्रद्धांजलि सभा घंटाघर चौराहा पर 6:30 बजे।
- **सुंदरकांड :** श्री किशोरी वृद्धाश्रम मछरिया रोड में सुंदरकांड का पाठ शाम 4 बजे।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट चेक कीं, 40 चालान

**कानपुर।** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन की टीम ने हाईवे समेत कई मार्गों पर वाहनों में लगने वाली हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की चेकिंग की। जिसमें 40 छोटे बड़े वाहनों के चालान किये गये। शुक्रवार को आरटीओ प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव, एआरटीओ क्रमशः अंबुज, कहकशां खातून, आरके वर्मा समेत सभी प्रवर्तन की टीम ने हाईवे पर घेराबंदी करके वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान कई वाहनों में साधारण नंबर प्लेट लगी मिली जिनका चालान किया गया। आरटीओ की मीडिया प्रभारी कहकशां खातून ने बताया कि 40 वाहनों के चालान किये गये। बिना मानक के कई वाहनों पर भी कार्रवाई की गई।

## माता-पिता को देखकर मुस्कुराई दुष्कर्म पीड़िता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घाटमपुर निवासी पांच वर्षीय मासूम को 36 घंटे के बाद आया होश

**अमृत विचार।** घाटमपुर की दुष्कर्म पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची को शुक्रवार 36 घंटे के बाद होश आया। बच्ची माता-पिता को सामने देखकर हल्की सी मुस्कुराई। यह देख माता-पिता ने थोड़ी राहत की सांस ली। हालांकि बच्ची को अभी बोलने में दिक्कत हो रही है और पांच डॉक्टरों का पैनल उसके इलाज में लगा है।

घाटमपुर में तीन दिन पहले पांच वर्षीय बच्ची के साथ एक युवक ने दुष्कर्म किया था। उसके सिर पर ईंट से हमला कर घायल कर दिया था। स्थानीय स्वास्थय केंद्र से बच्ची को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया था। यहां पर बाल रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, सर्जरी विभाग व न्यूरो विभाग के डॉक्टरों ने बच्ची को पीआईसीयू में रखकर इलाज शुरू किया। बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र गौतम ने बताया कि करीब 36 घंटे बाद शुक्रवार को बच्ची को होश आया है। उसके चेहरे और सिर पर कई जगहों पर गहरी चोट है। अभी वह पूरी तरह से बोल पाने में असमर्थ है। चोट के जख्म भरने में करीब 15 दिनों का वक्त लगेगा। मुंह चलाने में दिक्कत होने की वजह से बच्ची को खाने में लिक्विड दिया जा रहा है। बच्ची की मां के मुताबिक होश में आने पर बच्ची ने बात करने की कोशिश की। लेकिन चोट की वजह से वह ठीक से बोल नहीं पाई।

## पोस्टमार्टम से पहले पहुंचा थाने, बोला-साहब मैं जिंदा हूं

संवाददाता, घाटमपुर (कानपुर)

- घाटमपुर ओवरब्रिज के पास मिले लावारिस शव की अजय के रूप में हुई थी शिनाख्त
- एसीपी ने कहा-हुई चूक, लावारिस शव की दोबारा शिनाख्त कराई जाएगी

**अमृत विचार।** हाथ जोड़े एक व्यक्ति शुक्रवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंचा और पुलिस कर्मियों से कहा, साहब मेरा पोस्टमार्टम रुकवाओ, मैं जिंदा हूं। यह सुनकर पुलिसकर्मी हैरान रह गए। उसने कहा, लोगों से जानकारी पाकर सीधा थाने आया हूं, नहीं तो कागजों में मृत हो जाऊंगा। मामला घाटमपुर एसीपी तक पहुंचा तो उन्होंने कहा चूक हुई है। लावारिस शव की दोबारा शिनाख्त कराई जाएगी।

हुआ यह कि घाटमपुर ओवरब्रिज के पास गुरुवार को एक लावारिस शव मिला था। जिसकी शिनाख्त के प्रयास में पुलिस लगी थी। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रुपों पर लावारिस शव की फोटो वायरल कर दी। देर शाम घाटमपुर थाने पहुंचकर सुमन नामक महिला ने शव की शिनाख्त कानपुर देहात के ईदुरुख निवासी अपने भाई अजय संखवार के रूप में की। इससे अजय के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर पंचनामा की कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घाटमपुर थाने पहुंचा अजय संखवार। अमृत विचार

इस बीच अजय संखवार शुक्रवार दोपहर घाटमपुर थाने पहुंच गया और पुलिस कर्मियों के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। उसने बताया कि साहब मैं जिंदा हूं, मेरा जीते जी पोस्टमार्टम होने वाला है। उसे रुकवाएं।

पुलिस यह सुनकर हैरान रह गई। पुलिस कर्मियों के पूछने पर उसने बताया कि वह भीतरगांव कस्बा स्थित ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। सुबह ईंट भट्ठे पर पुलिस उसके बारे में पूछताछ करने पहुंची थी। पुलिस कर्मियों से पता चला कि उसकी बहन ने एक लावारिस शव की शिनाख्त उसके रूप में की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। लोगों ने उससे कहा घाटमपुर थाने पहुंचकर अपने जिंदा होने की बात बताओ, नहीं तो कागजों में मृत हो जाओगे। यह सुनकर वह सीधा थाने आया।

**दोबारा कराई जाएगी शव की शिनाख्त :** घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि लावारिस शव की उसके परिजनों ने शिनाख्त की थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम भेजा गया था। अब युवक ने खुद थाने पहुंचकर जिंदा होने की बात बताई है। इसके बाद पोस्टमार्टम रुकवाकर शव की दोबारा शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### पुलिस ने पंचनामा में मौत की वजह हीट स्ट्रोक लिखी, पारा 42.7, दो दिन चलेंगी तेज हवाएं और आंधी

## तेज धूप में चकराकर गिरे, पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गैस प्लांट में काम करते कर्मचारी की हालत बिगड़ी
- साथी अस्पताल ले गए जहां मौत हो गई

**अमृत विचार।** सूरज की तपिश अब जीवन पर भी भारी पड़ रही है। गुरुवार को शहर के अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों की मौत हो गई। जिसमें एक अज्ञात है। पुलिस ने पंचनामा में मौत की वजह हीट स्ट्रोक, लू से होने की आशंका जताई है।

कानपुर देहात के रसूलाबाद के बरपढ़ निवासी 40 वर्षीय योगेश उर्फ पिंटू पनकी में एक गैस प्लांट में नौकरी करते थे। उसके भाई रिंकू व उदयभान ने बताया कि गुरुवार को काम करते समय योगेश की अचानक तबियत बिगड़ गई। साथी कर्मचारियों ने उसे हैलट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह बाबूपुरवा के बगाही भट्ठा निवासी 52 वर्षीय विजय लक्ष्मी अपने भतीजे के साथ रहती थीं। भतीजे विजय ने बताया कि गुरुवार सुबह बुआ घर के पास स्थित दुकान से सामान लेने गई थीं। तभी रास्ते में चकराकर गिर गईं। लोगों ने इसकी सूचना घर पर दी। आनन-फानन में बुआ को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसी तरह मूलरूप से फतेहपुर की रहने वाली 50 वर्षीय रामदेई कई सालों से ग्वालटोली के नत्थूपुरवा में बेटी के साथ रह रही थीं। परिजनों के अनुसार गुरुवार सुबह वह काम से निकली थीं। घर के पास ही सड़क किनारे बेहोशी की हालत में मिलीं। पुलिस ने हैलट पहुंचाया, तब तक उनकी मौत हो गई।

इसी तरह बर्रा तीन स्थित वीआईपी रोड पर शुक्रवार दोपहर सड़क पर चकराकर गिरे 49 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार राहगीरों की सूचना पर उसे कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कलक्टरगंज में गुड़ मंडी के पास बलरामपुर के हुसैनाबाद निवासी ई-रिक्शा चालक 50 वर्षीय जगतराम का शव मिला।



धूप इतनी तेज है कि बिना सिर ढके चलना मुश्किल है। अमृत विचार

## 15 से 18 जून के बीच बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में दो दिन तक यानि सोमवार तक तेज हवाएं और धूलभरी आंधी के आसार बन रहे हैं। 15 से 18 जून के मध्य तेज हवाओं, गरज चमक के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। शहर में उमस भरी गर्मी नेन शहरवासियों को बेहाल कर दिया है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अभी दो-तीन दिन गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सीएसए विवि के मौसम विभाग ने शहर में शुक्रवार को अधिकतम पारा 42.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। यह सामान्य से 4.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी तरह रात का पारा 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह भी सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकॉर्ड किया गया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में आने वाले पांच दिनों में हल्के बादल रहने की संभावना है। 15 से 18 जून के मध्य रिमझिम बारिश के आसार बन रहे हैं।

## तीमारदार से अभद्रता पर्चा मुंह पर फेंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ ईएसआई हॉस्पिटल में डॉक्टर का वीडियो वायरल
- नाम पूछने पर डॉक्टर ने कहा, मेरे नाम से दुनिया चलती है

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जाजमऊ स्थित ईएसआई हॉस्पिटल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमे एक डॉक्टर, जिनका नाम विजय बजाज बताया जा रहा है, वह छह वर्षीय बच्चे के पिता से सिर्फ इस बात पर अभद्रता कर रहे हैं, क्योंकि वह समय पर इलाज के लिए नहीं पहुंचे। पिता डॉक्टर से दुर्व्यवहार न करने की अपील कर रहा है, इसके बावजूद डॉक्टर का रवैया नहीं बदल रहा है।

वायरल वीडियो में डॉक्टर तीमारदार से चिल्लाते हुए कह रहा अरे चप्पल पहने घुसा आ रहा है बदतमीज। तीमारदार के विरोध पर कहता है जब 9 से 11 बजे के बीच बुलाया था तो लेट क्यों आया। तीमारदार बार-बार डॉक्टर से बदतमीजी न करने को कह रहा है और बोलता है कि डॉक्टर हैं तो क्या किसी की भी बेइज्जती कर देंगे। जब तीमारदार ने शिकायत करने के लिए डॉ. विजय बजाज से उनका नाम पूछा तो डॉक्टर साहब ने कहा कि मेरे नाम से दुनिया चलती है। जा कर दे शिकायत।

डॉक्टर का बर्ताव ऐसा तब है, जब गुरुवार को ही स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक शहर में आए थे और डॉक्टरों को मरीजों के साथ नरमी से पेश आने की नसीहत दी थी। मरीज ने जब उनसे शिकायत करने की बात कही तो बेखौफ अंदाज में डॉक्टर बोले, जहां शिकायत करनी है तो कर दो, इतना बोल कर डॉक्टर ने मरीज का पर्चा उसी के मुंह पर फेंक दिया और भाग जाने को कहा।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



शहर के व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अमृत विचार

## व्यापारियों ने सीएम को बताईं दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीएसटी और मंडी शुल्क पर सहूलियत का किया निवेदन

**अमृत विचार।** शहर के व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर समस्याएं बताईं। व्यापारियों ने राज्य वस्तु एवं सेवा कर (स्टेट जीएसटी ) की धारा 129 के दुरुपयोग पर चर्चा की। इसके अलावा मंडी शुल्क को आधा प्रतिशत किए जाने की मांग की।

भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से उनके आवास कालिदास मार्ग में मिला। इस दौरान व्यापारियों ने एक देश एक चुनाव का समर्थन करते हुए एक आलेख का चित्र भी भेंट किया। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र और प्रदेश चेयरमैन व उप्र लघु उद्योग निगम लि के उपाध्यक्ष नटवर गोयल ने मुख्यमंत्री को बताया कि राज्य वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 129 के निरंतर दुरुपयोग के कारण प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नटवर गोयल ने कहा कि स्टेट जीएसटी से संबंधित समस्याओं का समाधान करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन देते हुए कहा कि मामलों की जांच कराएंगे। इस दौरान बुंदेलखंड से प्रदेश सगठन महामंत्री बनवारी लाल गुप्ता, कानपुर जिला अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह व वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा महामंत्री विनायक पोद्दार मौजूद रहे।

**सहयोग** फॉक्सहोग वेंचर ने युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दी धनराशि

## स्टार्टअप के लिए आईआईटी को 25 करोड़ रु. दिए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका स्थित वेंचर कैपिटल कंपनी फॉक्सहोग वेंचर कॉर्प ने आईआईटी कानपुर को कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत 25 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। इस रकम से संस्थान के स्टार्टअप इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर के माध्यम से इनोवेटिव स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा।

इस सीएसआर निवेश के अलावा फॉक्सहोग वेंचर कॉर्प सीईओ तरुण पोद्दार की ओर से संचालित एक विशेष सीईओ फंड की स्थापना भी की गई है, जो सामाजिक प्रभाव से जुड़े नए स्टार्टअप्स को रिसर्च और डेवलपमेंट को अनुदान प्रदान करेगा। संस्थान की ओर से बताया गया कि तरुण पोद्दार ने हाल ही में आईआईटी कानपुर का दौरा किया था। जहां उन्होंने छात्र उद्यमियों और शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स के साथ बातचीत की। भारत के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए रणनीतिक सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान सीआईआईसी के प्रभारी प्रो. दीपू फिलिप ने सीआईआईसी की दृष्टि और उपलब्धियों की प्रस्तुति दी।

सीआईआईसी के सीओओ और सीएफओ पीयूष मिश्रा भी इस दौरान उपस्थित रहे। सीआईआईसी से जुड़े कुछ चुने हुए स्टार्टअप्स ने रक्षा, एयरोस्पेस, एग्रीटेक और सतत विकास के क्षेत्र में अपने उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया। तरुण पोद्दार ने इन स्टार्टअप्स के संस्थापकों के साथ उनके इनोवेशन, बिजनेस मॉडल और विकास रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रों के साथ भी बातचीत की।

**इन क्षेत्रों में होगा उपयोग:** सीएसआर फंड का उपयोग मुख्य रूप से रक्षा, एयरोस्पेस, एग्रीटेक और सतत विकास से जुड़े स्टार्टअप्स के लिए किया जाएगा। इसके अलावा फॉक्सहॉग वेंचर्स आगे चलकर इक्विटी, ऋण और परिवर्तनीय नोट्स के माध्यम से भी पूंजी निवेश के अवसर तलाशेगा, जो उनकी व्यापक व्यावसायिक रणनीति का हिस्सा है।



आईआईटी कानपुर के निदेशक मणींद्र अग्रवाल के साथ तरुण पोद्दार व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### नवाचार में जीवन और राष्ट्र बदलने की शक्ति

- तरुण पोद्दार ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण नवाचार में जीवन और राष्ट्रों को बदलने की शक्ति है। आज का समय नवाचार का ही है। दुनियाभर के युवा इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के युवा-नेतृत्व वाले स्टार्टअप इकोसिस्टम में हमें अत्यधिक संभावनाएं नजर आती हैं, खासकर रक्षा, एयरोस्पेस, कृषि-प्रौद्योगिकी और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भविष्य शानदार है। आईआईटी कानपुर में हमारा सीएसआर प्रयास इसी प्रतिभा को पोषित करने और सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करने की दिशा में एक कदम है। सीईओ फंड के जरिए हम मिशन-उन्मुख स्टार्टअप्स को आरएंडडी अनुदान भी देंगे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# अपने सारे रिकार्ड तोड़कर नई ऊंचाई पर सोना

- शुक्रवार को भाव 1,0,1,500 रुपये पर पहुंचा, 22 अप्रैल को था 1,0,1,450 रुपये का 10 ग्राम
- चांदी नरम, दाम 1,0,9100 रुपये किलो, अभी दोनों धातुओं के दाम और बढ़ने का अनुमान

**400** रुपये कम हुए हैं चांदी के भाव

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोना अपने भाव के पिछले सारे रिकार्ड तोड़ता हुआ नई ऊंचाई पर पहुंच गया तो चांदी के तेवर कुछ ढीले पड़े। शुक्रवार को सोना 1,01,500 रुपये का 10 ग्राम रहा। चांदी के भाव 400 रुपये कम हुए।

इस महीने शुरुआत से ही चांदी लगातार अपने भाव की ऊंचाई के रिकार्ड बना रही थी, लेकिन सोने में पिछले कोई डेढ़ महीने से उतार-चढ़ाव जारी था। चांदी में तो 12 दिन में ही लगभग नौ हजार रुपये बढ़ गए। सोने के भाव चार हजार तक गिरे लेकिन शुक्रवार को सोने ने फिर छलांग लगाई और अपने भाव की ऊंचाई पर कर गया। विशेषज्ञ कहते हैं वैश्विक उथलपुथल ने सोने के भाव बढ़ा दिए हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर, रुपये की कमजोरी, क्रूड आयल में उछाल और इन सबके बीच केंद्रीय बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर सोने की खरीद से इसके भाव बढ़ रहे हैं। बड़े पैमाने पर औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण चांदी भी नित नए रिकार्ड बना रही है। आभूषण कारोबारी राजेंद्र शुक्ल का कहना है कि गहनों की बिक्री में जबरदस्त असर आया है। खरीदार बेहद कम हो गए हैं।





### सोने के भाव की चाल

| | |
|---|---|
| 2 जून | 99150 |
| 3 जून | 99500 |
| 4 जून | 100050 |
| 7 जून | 98600 |
| 10 जून | 98650 |
| 11 जून | 98750 |
| 13 जून | 1,01,500 |

दाम प्रति 10 ग्राम व एक साल में दाम लगभग 22 हजार रुपये बढ़े।

दुनिया में जारी उथलपुथल, टैरिफ वार की वजह से दाम में ऊपर-नीचे चल रहा है। यही हाल रहा तो सोना और चांदी दीवाली तक सवा लाख पर पहुंचेगा।
**राम किशोर मिश्र, महामंत्री उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन**

**चांदी की भी चांदनी**

2 जून 1,01,100, 3 जून 1,03,250, 4 जून 1,04,000, 5 जून 1,0,4500, 6 जून 1,08200, 10 जून 1,0,9300, 12 जून 1,09,500 और अब 13 जून को 1,09,100 रुपये किलो। एक साल में दाम लगभग 29 हजार रुपये बढ़े। यानि सोने-चांदी की खरीदारी में मुनाफा है।

## सार-संक्षेप



सामाजिक संस्था ने बंदियों को जेल से रिहा कराया। अमृत विचार

### जुर्माना भरकर बंदियों को जेल से रिहा कराया

**कानपुर।** जेल में अपनी मूल सजा पूरी करने के बाद जुर्माना नहीं अदा करने पर सजा काट रहे 6 बंदियों को स्वयंसेवी संस्था प्रकृति सहयोग फोरम ने जुर्माना जमा कराकर रिहा कराया। फोरम की ओर से सैयद नजम एडवोकेट, नवाज मोहम्मद सलीम एडवोकेट, सैयद खालिद, सैयद आसिफ अली, मोहम्मद तारिक शकील व फैज खालिद तथा जेलर अनिल कुमार पाण्डेय, डिप्टी जेलर अरुण कुमार सिंह, कमल चन्द्र, व प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

### विमान हादसे में दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि

**कानपुर।** अहमदाबाद विमान हादसे का शिकार हुए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में शोकसभा की गई जिसमें भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह समेत अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रमुख रूप से राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, अर्जुन बेरिया, अनुराग शुक्ला, वंदना गुप्ता, अनूप तिवारी, संजीव बेरी, मधु तिवारी, पप्पू पंडित, बिंदु अग्रवाल, गिरीश बाजपेई आदि मौजूद रहे।



मोमबत्ती जलाकर शोक व्यक्त करते सपाई। अमृत विचार

### सपाइयों ने शोक जताया

**कानपुर।** नवीन नगर सपा कार्यालय में सपाइयों ने अहमदाबाद में 265 विमान यात्रियों की मृत्यु शोकसभा की। सभी कार्यकर्ताओं दो मिनट का मौन रहकर शोक व्यक्त किया। प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह बंटी, महेन्द्र सिह, विनय गुप्ता, नन्दलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, यूनुस बदरे, दीपक खोटे, शादाब आलम, तौसीफ सिद्दीकी, शादाब खान, चंदन बादशाह व साहेबे आलम आदि रहे।

### ट्रेनों में छापेमारी, बेटिकट यात्री पकड़े

**कानपुर।** दिल्ली-कानपुर-प्रयागराज-झांसी रूट की ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। कई बेटिकट यात्री पकड़े गए जिनसे जुर्माना वसूला गया। झांसी मंडल में मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में ये अभियान मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा की अगुवाई में झांसी से गोविंदपुरी स्टेशन तक चलाया गया जिसमें 1 लाख, 85 हजार, 330 रुपये बेटिकट यात्रियों से जुर्माना वसूला गया। कानपुर सेंट्रल स्टेशन, गोविंदपुरी स्टेशन, उरई, झांसी, प्रयागराज, फतेहपुर आदि रूटों पर चलने वाली ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कई यात्रियों को बेटिकट पकड़ा गया और उनसे जुर्माना वसूला गया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इस विशेष जांच अभियान में स्टेशनों के यात्री प्रतीक्षालयों एवं खानपान स्टालों की भी निगरानी की गई। बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा तथा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने जैसे मामलों में 151 यात्री पकड़े गए। यात्रियों से 185330 जुर्माना वसूला गया।



ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की चेकिंग करते रेल अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### शहीद मेजर सलमान खान का बोर्ड लगाएं

**कानपुर।** आर्य नगर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को पत्र लिखकर झकरकट्टी बस अड्डे पर शहीद मेजर सलमान खान के नाम का बोर्ड लगाने की मांग की। विधायक के मुताबिक मेजर सलमान खान किदवई नगर के निवासी थे। वर्ष 2005 के कारगिल युद्ध में वह शहीद हुए थे। उनके मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। झकरकट्टी बस अड्डे का नाम बदलकर शहीद मेजर सलमान खान के नाम से अन्तर्राज्यीय बस अड्डा रखा गया। लेकिन झकरकट्टी बस अड्डे जाने वाले रास्तों पर लगे बोर्ड में आज भी झकरकट्टी बस अड्डा लिखा है। मांग है कि शहर में जहां भी झकरकट्टी बस अड्डे के बोर्ड लगे हैं, वहां और टिकट पर शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय बस अड्डा लिखवाया जाए।

### गीता व इतिहास के ज्ञान से भटक गए उप मुख्यमंत्री : सपा

**कानपुर।** किदवई नगर में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की पीडीए थिंक नीति निर्धारण समिति की बैठक हुई, जिसमें सपा नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बढ़ते जनाधार को देखकर भीषण गर्मी में अनर्गल बयान देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री गीता और इतिहास के ज्ञान से भटक गए हैं, उनको मालूम होना चाहिए कि सपा सरकारों में ही हैलट सहित सभी सरकारी अस्पतालों में एक रुपये का पर्चा बनना शुरू हुआ था, जो आज भी चल रहा है। लेकिन जो दवाइयां गुणवत्ता की सपा सरकार में उपलब्ध थी, उनका अब अस्पतालों में अभाव है।

कोरोना केसों को लेकर शासन से जारी की गई एडवाइजरी , प्रमुख सचिव ने पत्र भेजा

# सांस के गंभीर रोगियों की कोरोना जांच अनिवार्य करें

**07** हजार से अधिक देश में मामले

**78** लोगों की मौत हो चुकी अब तक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या अब सात हजार से अधिक हो गई है और 78 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना के बढ़ते केसों के संबंध में प्रमुख सचिव ने मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों के लिए एडवाइजरी व सतर्कता बरतने के लिए पत्र जारी किया है। इस पर शुक्रवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य प्रो.संजय काला ने सभी विभागों के अध्यक्षों के साथ एक बैठक की, जिसमे उन्होंने कोरोना के संबंध में तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने जारी पत्र में कहा है कि सांस के गंभीर रोगियों और इन्फ्लूएंजा के पांच प्रतिशत मरीजों की कोविड जांच अनिवार्य रूप से की जाए।

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कोरोना नियमों का पालन करने के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में कोरोना से बचाव के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था और दुरुस्त रखने व सैंपिल के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, माइक्रोबायोलॉजी विभाग समेत सभी विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की, जिसमे उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए प्रबंधन की तैयारी पर जोर दिया। साथ ही अस्पताल में आने वाले कोरोना के लक्षण युक्त मरीजों की जांच और इलाज की रूपरेखा तैयार की। प्राचार्य प्रो. संजय काला के मुताबिक हैलट परिसर में अभी तक कोई भी कोरोना संक्रमित नहीं आया है। बढ़ते केसों को देखते हुए मेटरनिटी विंग की बिल्डिंग में वार्ड तैयार किए जाएंगे।

**इन्फ्लूएंजा के पांच प्रतिशत मरीजों की कोविड जांच अनिवार्य :** प्रमुख सचिव ने जारी पत्र में कहा है कि सांस के गंभीर रोगियों और इन्फ्लूएंजा के पांच प्रतिशत मरीजों की कोविड जांच अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही जिन मरीजों की आरटी-पीसीआर जांच में सीटी वैल्यू 25 से कम हो, उनके नमूने लखनऊ के केजीएमयू की माइक्रोबायोलाजी विभाग को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजी जाए। जिला स्तर पर स्थापित इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम यूनिट ऐसे मरीजों की निगरानी करेगी। कोविड-19 जांच का डाटा यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस (यूडीएसपी) पोर्टल पर प्रतिदिन अपडेट करना होगा।

### मेडिकल कॉलेज में बैठक कर तैयारियां परखीं गईं

**चलेगा विशेष अभियान**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान का संचालन किया जाएगा, जो मुख्य रूप से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर संचालित किया जाएगा। लोगों को मास्क पहनने, समय-समय पर हाथ धोने और खांसते-छींकते समय सावधानी बरतने समेत आदि की जानकारी दी जाएगी। अस्पतालों में भी कोविड से बचाव की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही लक्षण बताकर इलाज के लिए मरीजों को जागरूक किया जाएगा।



**यह व्यवस्थाएं रखनी होंगी दुरुस्त**

- प्रमुख सचिव ने अपने पत्र के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का 29 मई का पत्र भी भेजा है। उन्होंने सभी चिकित्सा संस्थानों में जरूरी दवाइयों, पीपीई किट, कोविड जांच की सुविधा, आइसोलेशन बेड, मेडिकल आक्सीजन, आइसीयू और वेंटिलेटर युक्त बेड की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही आक्सीजन प्लांट सहित अन्य व्यवस्थाओं की कार्यक्षमता को लेकर पिछले दिनों हुई माक ड्रिल में पाई गईं कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए हैं।

## कारोबारी को फोन, दस लाख का इंतजाम करो

**कानपुर।** गोविंदनगर थाना क्षेत्र में सराफा कारोबारी अनिल कुमार गुप्ता पर गोली चलवाकर रंगदारी मांगने के मामले में धमकी भरे फोन काल आने का सिलसिला नहीं थमा है। गुरुवार को भी बदमाश ने तीन बार काल की। पहले पूछा, रुपयों का इंतजाम हुआ कि नहीं। दूसरी काल में कारोबारी ने इंकार कर कहा, वह सिर्फ साढ़े पांच लाख रुपये ही दे पाएगा। बताओ कहां भिजवाने है या फिर लेने आओगे। तीसरी बार काल करके कहा कि कम से कम दस लाख रुपये का इंतजाम करो, लेकिन कारोबारी ने असमर्थता जताते हुए कहा, किश्तों में दे पाउंगा। इस पर बदमाश ने फोन काट दिया। कारोबारी ने तीन बार उसी नंबर काल किया, लेकिन बदमाश ने मोबाइल स्विच आफ कर दिया था।

क्यू ब्लाक गोविंदनगर निवासी सराफा कारोबारी अनिल कुमार गुप्ता की सेठ रामकुमार गुप्ता ज्वैलर्स के नाम से बिल्हौर में भी दुकान हैं, जहां हफ्ते में तीन दिन रविवार, मंगलवार और शुक्रवार को ही जाते हैं। बीते रविवार को वह बिल्हौर से रात 9:30 बजे लौटे, तभी उनका पीछा करके आए अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने उन पर गोली चलाई। हालांकि कार की डिग्गी के समाने निकाल रहे कारोबारी को सिर्फ धमाका सुनाई दिया था।

## चौबेपुर-बिठूर राजकीय हाइवे करेंगे थ्री लेन का

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चौबेपुर-बिठूर मार्ग होते हुए अब लखनऊ जाना और आसान होगा। यह स्टेट हाइवे अभी दो लेन का है, जिसको अब थ्री लेन का किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने एस्टीमेट बनाने का कार्य शुरू कर दिया है।

इसकी अनुमानित लागत सौ करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। राजकीय हाइवे की आठ किलोमीटर तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह रोड मंधना से बिठूर तक फोरलेन होगी। जिससे शहर और बैराज मार्ग पर वाहनों का दबाव कम होगा और वाहन चौबेपुर से बिठूर मार्ग, पुराना बिठूर से परियर पुल, चकलबंसी, मोहन रोड व हसनगंज होते हुए लखनऊ जा सकेंगे। बता दें कि चौबेपुर से बिठूर की सड़क पहले ग्रामीण मार्ग थी, लेकिन बाद में इसे स्टेट हाईवे का दर्जा मिला, तब से सड़क के चौड़ीकरण का काम अटका था। पहले यह साढ़े तीन मीटर चौड़ी थी, फिर इसे सात मीटर चौड़ा किया गया। लेकिन यह सात मीटर का हाइवे कम पड़ रहा है। अब इस हाइवे को 10 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। हाइवे के चौड़ीकरण होने से वाहन जीटी रोड से बिठूर होकर सीधे गंगा बैराज तक आ व जा सकेंगे। इस मार्ग से आने वाले वाहनों को मंधना और शहर के जाम में भी नहीं फंसना पड़ेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार के मुताबित चौबेपुर-बिठूर मार्ग को थ्री लेन का किया जाना है।

## व्यापारियों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं करेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केशवपुरम स्थित दुर्गा पार्टी लॉन में प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल उप्र कानपुर इकाई की ओर से व्यापारी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें व्यापारियों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा हुई। कहा गया कि अधिकारियों की ओर से हो रहे उत्पीड़न को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनूप शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न कुछ अधिकारी कर रहे हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जगह जगह पर व्यापारियों को रोक कर चैकिंग के नाम पर वसूली, सैंपल के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापारी सुरक्षा आयोग गठन का वादा याद कराते हुए मंडी शुल्क समाप्ति की घोषणा जल्द हो। समारोह में कार्यक्रम आयोजक अनिल शुक्ला, सेंट्रल यूपी प्रभारी युवा, रजत सिंह गौड़ राष्ट्रीय सचिव, विजय सिंह प्रदेश युवा महासचिव, सरोज पटेल युवा सचिव, आनंद अग्रवाल युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव सचिव, संजय सिंह सचिव, दीपक निषाद सचिव कानपुर ग्रामीण इकाई जय अवस्थी जिलाध्यक्ष, सोनू सिंह महासचिव सुनील अवस्थी उपाध्यक्ष, सत्यानंद त्रिपाठी सचिव, अमित यादव उपाध्यक्ष, असीम राज पूत मंत्री, सुरेंद्र सिंह मंत्री, अनुराग कुशवाहा अध्यक्ष काकादेव, पंकज वर्मा अध्यक्ष इन्द्रा नगर, कमल कांत पाल अध्यक्ष केशव पुरम का सपथ ग्रहण करा कर सम्मानित किया गया। समारोह में विजेंद्र गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष, शैलेंद्र मिश्रा टाष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जेपी यादव जिलाध्यक्ष कानपुर सौरभ शुक्ला, मधु सिंह महिला जिलाध्यक्ष, बलवान सिंह प्रदेश सचिव आदि मौजूद रहे।





समारोह में व्यापारियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार



समारोह में मौजूद सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## सेल्स टैक्स बार के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**कानपुर।** हरिहर नाथ शास्त्री भवन खलासी लाइन में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर का शपथग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष एसपी सिंह, महामंत्री अवनीश कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आईडी भाटिया, उपाध्यक्ष सुमित कुमार टण्डन, सचिव प्रशासन संजय गुप्ता, सचिव सांस्कृतिक विशाल श्रीवास्तव, सचिव क्रीड़ा सचिन गुप्ता, सचिव पुस्तकालय अमित कुमार शर्मा व 12 कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। समारोह में पूर्व अध्यक्ष वीके शुक्ला एमपी पाण्डेय, कुलदीप बाजपेई, सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीएस रायजादा मौजूद रहे।

**समस्या** कई दशक तक विमानों के लिए रनवे पर नीलगाय, सियार बने रहे थे मुसीबत

## टेनरियों के कचरे पर मंडराते पक्षी, विमानों को खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दो दशक पूर्व कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर नीलगाय, सियार मुसीबत बने थे। नीलगाय को शूट करने का आदेश भी तत्कालीन जिलाधिकारी ने दिया था लेकिन पशु-पक्षी की संस्था ने विरोध जताते हुए आदेश को रुकवा दिया था। अब एयरपोर्ट के आसपास के जंगल में नीलगाय या सियार की जानकारी तो नहीं है लेकिन टेनरियों से निकलने वाले अपशिष्ट के कारण आसमान में मंडरा रहे गिद्ध और चील कानपुर एयरपोर्ट पर आने जाने वाले विमानों, हेलीकाप्टरों व चार्टर्ड के लिए मुसीबत बन सकते हैं।

जाजमऊ में सैकड़ों टेनरियां हैं, जहां जानवरों का अपशिष्ट टेनरियों के आसपास पड़ा रहता है। जिसके चक्कर में गिद्ध और चील आसमान में मंडराते रहते हैं। इससे विमानों को खतरा हो सकता है। वर्तमान में कानपुर से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद के लिए उड़ान है जबकि कोलकाता की फ्लाइट भी जल्द उड़ान भरने वाली है।

- राहुल गांधी और मुलायम सिंह यादव के विमानों को नीलगाय के झुंड ने रोके रखा था

**जरा हादसे देखिए**

- दिल्ली कानपुर के मध्य उड़ान भरने वाले अर्चना एयरवेज का चार्टर्ड विमान नीलगाय से टकराने के बाद बाउंड्री वाल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके बाद एयरवेज ने अपनी सेवाएं बंद कर दीं थीं।
- तीन दशक पूर्व प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के चार्टर्ड प्लेन को 10 मिनट तक रनवे पर नीलगायों के झुंड ने घेरे रखा था। राहुल गांधी के प्लेन के साथ भी ऐसा हुआ था।
- सियारों ने एयरपोर्ट पर लगे आईएलएस (इंट्रूमेंट्स लैंडिंग सिस्टम) के केबिल काट दिये थे जिससे कई महीने विमानों की आवाजाही पर फर्क पड़ा था।



**टेकआफ-लैंडिंग के समय दौड़ती थी जीप**

- कानपुर एयरपोर्ट के रनवे पर दो दशक पूर्व जब कोई विमान लैंडिंग या टेकआफ करता था तो जीप पर सुरक्षा कर्मी आवाज करते हुए रनवे के किनारे जंगल के किनारे दोनों साइड पर शोर मचाते हुए साथ चलते थे ताकि कोई नीलगाय रनवे पर नहीं आए।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## युवक का साला गंभीर रूप से हुआ घायल, कार चालक कार छोड़कर हुआ फरार

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू माधव बाग बाजार के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गया।

जामू निवासी होमगार्ड अशोक पांडेय का 27 वर्षीय बेटा मोहित दिल्ली स्थित एक कंपनी में काम करता था। कुछ दिन पहले वह छुट्टी पर घर आया था। शुक्रवार देर रात को उसे फिर से दिल्ली काम पर जाना था। इसी के चलते वह शाम को नौबस्ता से कुछ सामान की खरीदारी करके बड़े भाई रोहित के साले अटल बिहारी शुक्ला संग बाइक से घर लौट रहा था। तभी माधव बाग बाजार के पास सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सिर के बल हाईवे पर जा गिरे। सिर पर गंभीर चोट लगने से मोहित की मौके पर मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे अटल बिहारी उछलकर दूर जा गिरे। हेलमेट पहने होने की वजह से उनके सिर पर चोट नहीं आई, फिर भी हाथ पैर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्वजनों को जानकारी देने के साथ घायल को एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद चालक कार छोड़ कर मौके से भाग निकला। वहीं युवक की मौत होने से परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


मोहित।

### वाहन की टक्कर से कंटेनर चालक की गई जान

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के मंधना कोठी के सामने जीटी रोड फ्लाईओवर पर शाहआलमपुर मलावन एटा निवासी कंटेनर चालक 28 वर्षीय रोहित यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। गुरुवार कर रात करीब 3 बजे वह कंटेनर में परचून का सामान लादकर कानपुर से दिल्ली जा रहा था। परिचालक आकाश के मुताबिक कंटेनर का इंजन हीट हो गया इसलिए रोहित ने कंटेनर को हाईवे पर किनारे खड़ा कर दिया था और टायर देख रहा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खड़े डंपर से टकराई बाइक, युवक गंभीर

**घाटमपुर।** घाटमपुर के टेनापुर मोड़ के पास हाईवे किनारे खड़े डंपर में एक बाइक सवार जा टकराया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में एम्बुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। सजेती थाना क्षेत्र के टिकवापुर गांव निवासी 40 वर्षीय स्वतंत्र सिंह देर रात घर से कानपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी कानपुर सागर हाईवे पर घाटमपुर थाना क्षेत्र में स्थित टेनापुर मोड़ के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खड़े डंपर में पीछे से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौका पाकर डंपर चालक डंपर लेकर मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे गंभीर हालत में कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां युवक का उपचार जारी है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी, घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रोजगार मेलों में मिलेगी दिव्यांग डेस्क की सुविधा

**कानपुर।** सेवायोजन विभाग की ओर से लगने वाले रोजगार मेलों में अब दिव्यांग युवाओं के लिए अलग से व्यवस्था होगी। दिव्यांग युवाओं के लिए डेस्क बनेगी। इस डेस्क में युवाओं का अलग से साक्षात्कार व पंजीकरण किया जाएगा।

सेवायोजन विभाग की ओर से अब हर महीने में सात रोजगार मेले लगाए जाएंगे। इन मेलों में आने वाले युवाओं को भी विभाग की ओर से अलग-अलग सुविधा दी जाएगी। विभाग में पंजीकृत 1877 युवाओं के लिए भी दिव्यांग डेस्क बनाई जाएगी। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि नई डेस्क पर प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है।

# गंगा में डूबीं दो किशोरियों में एक की मौत, दूसरी को बचाया

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** शिवराजपुर थाना क्षेत्र के केवना गांव में शुक्रवार सुबह गंगा नदी में स्नान करते समय दो किशोरियां डूब गईं, जिसमें से एक की मौत हो गई जबकि दूसरी को ग्रामीणों ने सकुशल बचा लिया।

केवना गांव निवासी अशोक कुमार की 14 वर्षीय बेटी किरन अपनी सहेलियों के साथ शुक्रवार सुबह गंगा तट पर स्नान करने गई थी। वहां पहले से ही गांव के अन्य बच्चे भी स्नान कर रहे थे। गंगा में स्नान करते समय किरन और उसकी सहेली, शिवचरण की पुत्री नैनसी, गहराई में चली गईं और डूबने लगीं। दोनों को डूबता देख अन्य बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया, जिस पर ग्रामीणों ने गंगा में छलांग लगा दी और नैनसी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, तब तक किरन पूरी तरह से गंगा नदी में डूब गई। घटना की सूचना मिलते ही शिवराजपुर थाना प्रभारी अमान सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों ने कुछ ही देर में किरन के शव को बाहर निकाल लिया। किरन को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


गंगा के तट पर गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

### गश खाकर बीच मार्ग पर गिरा बाइक सवार

**चौबेपुर।** गर्मी का असर राहगीरों पर भी दिख रहा है। शुक्रवार दोपहर कस्बे में पुरानी सब्जी मंडी के सामने जीटी रोड पर अचानक एक बाइक सवार गश खाकर गिर गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां होश आने पर घायल ने अपना नाम संदीप, निवासी पेम बताया।


**विज्ञप्ति**

थाना सीसामऊ कमिश्नरेट कानपुर नगर में लावारिस, मुकदमाती व 207 एमवी एक्ट के अन्तर्गत निरूद्ध वाहनो की नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया प्रचलित है जिसमे 33 वाहनो का ई–चालान एप्प व आर0टी0ओ0 कार्यालय कानपुर नगर से चेसिस नं0/रजि0नं0 के विषय मे जानकारी करने का काफी प्रयास किया गया परन्तु वाहन स्वामी के विषय मे कोई जानकारी नहीं हो सकी। जिसके फलस्वरूप सूची में अंकित वाहनो के चेसिस नं0/ इंजन नं0/ रजि0नं0 समाचार पत्रो मे प्रकाशित कराया जाना आवश्यक है, जिससे वाहन स्वामी अपने वाहनो के विषय में सूचित होकर अपने वाहन को मा0 न्यायालय द्वारा रिलीज करा सकें। वाहनो का विवरण निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | विवरण/ एफ0आई0आर0 सं0 | चेचिस सं0 | इंजन सं0 | रजिस्ट्रेशन नं0 | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 286/92 | | | UHI 2235 | स्कूटर (क्षतिविक्षित) |
| 2 | NIL/94 | | E06CE196895 | DL 55 A 5301 | स्कूटर |
| 3 | 29/2010 | | | UP 78 AM 4500 | सेन्ट्रो कार |
| 4 | 26/2001 | | | UGR 4416 | स्कूटर (क्षतिविक्षित) |
| 5 | 103/98 | | | UGR 8188 | स्कूटर |
| 6 | 46/17 | MBLHA10A5CH7123 | HA10ELCHJ13893 | बिना नम्बर | स्पेलन्डर |
| 7 | 207 MV.ACT | | | GHI 2229 | स्कूटर बजाज सुपर |
| 8 | 207 MV.ACT | | | UHH4579 | स्कूटर |
| 9 | 207 MV.ACT | | | HRQ 0072 | स्कूटर |
| 10 | 207 MV.ACT | | | UAI 3712 | स्कूटर प्रिया |
| 11 | 207 MV.ACT | | | UTE 5849 | स्कूटर |
| 12 | 207 MV.ACT | | | UAN 2645 | स्कूटर |
| 13 | 207 MV.ACT | | | UAI 2678 | स्कूटर |
| 14 | 207 MV.ACT | | | UP 98 C 3881 | स्कूटर |
| 15 | 207 MV.ACT | | | UA G 6086 | स्कूटर |
| 16 | 207 MV.ACT | | | UMF 6133 | स्कूटर |
| 17 | 207 MV.ACT | | | UP 78 F 1225 | स्कूटर |
| 18 | 207 MV.ACT | | | MH01FA1165 | मो0सा0 |
| 19 | 207 MV.ACT | | JPUBR412063 | बिना नम्बर | मो0सा0 |
| 20 | 207 MV.ACT | | | UP 78 AW 0703 | मो0सा0 |
| 21 | 207 MV.ACT | | | UP 78 V 9863 | सुजकी |
| 22 | 207 MV.ACT | 007052C | O227079 | बिना नम्बर | M/C |
| 23 | 207 MV.ACT | | | UP 78 Y 3107 | होन्डा मो0सा0 |
| 24 | 207 MV.ACT | | | UP 78 RX 2053 | मो0सा0 |
| 25 | 207 MV.ACT | | JPUBR 412063 | बिना नम्बर | मो0सा0 एक्स ई डी |
| 26 | 207 MV.ACT | | | UP 35 4813 | मो0सा0 कावासाकी |
| 27 | 207 MV.ACT | | | UP 78 Z 9787 | मो0सा0 स्पलैंडर |
| 28 | 207 MV.ACT | | | UP 65 AF 8909 | मो0सा0 यमहा |
| 29 | लावारिस | | | UP 78 A 1412 | स्कूटर |
| 30 | लावारिस | MD625AF 1341B12478 | 0F1B41164458 | UP 78 AS 5768 | TVS विक्टर |
| 31 | लावारिस | C7KJ 995013 | E 54KJO82905 | बिना नम्बर | मो0सा0 काला रंग |
| 32 | लावारिस | | | DL 85 AU 5422 | मोटर साइकिल |
| 33 | लावारिस | | | UP 78 X 7513 | टीवीएस |

दिनांक: मई 17, 2025

UP-234948 दिनांक 12.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

थाना प्रभारी
थाना सीसामऊ
कमिश्नरेट, कानपुर नगर



कैंडल मार्च निकालते लोग। अमृत विचार

### ककवन ब्लॉक में कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**बिल्हौर।** अहमदाबाद में हुए दुखद प्लेन दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए ककवन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव ने आज शाम एक कैंडल मार्च का आयोजन किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे, जिन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए कैंडल जलाई। ककवन ब्लाक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सपा नेता विनय यादव के साथ तमाम लोगों ने कैंडल जलाकर व हाथ में कैंडल लेकर अमहमदाबाद में हुए प्लेन दुर्घटना में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए संवेदनाएं प्रकट की।

# किसान के घर में लगी आग, गृहस्थी राख

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** पहेवा गांव में रामप्रकाश पुत्र रामगोपाल के घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा हुआ घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

किसान रामप्रकाश ने बताया कि वह खेती करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शुक्रवार को उसके घर में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। उसने बताया कि आग लगने से एक बोरा लाही, एक सोलर पैनल, एक इन्वर्टर का बैटरा, घर में रखे पांच हजार रुपये व घर गृहस्थी का अन्य सामान जलकर राख हो गया है। आग लगने पर किसान के परिवार व पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जबतक आग पर काबू पाया गया तब तक गृहस्थी का सारा सामान जल कर राख हो गया।


घर में लगी आग बुझाते ग्रामीण व परिजन। अमृत विचार

## कूड़ा फेंकने के विरोध पर जमकर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** संजीव नगर निवासी सत्येन्द्र कुमार पूर्व सैनिक हैं। उन्होंने बताया कि घर के सामने रहने वाले रामशंकर और उनके परिवारीजन उन्हें परेशान कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रामशंकर और उनके परिवारीजनों ने बीती आठ जून को उनके घर के बाहर व घर के अंदर कूड़ा फेंक दिया। इस बात का उन्होंने विरोध किया तो आरोपी ने अपनी पत्नी शोभा, बेटी चांदनी और रोशनी समेत एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उन्हें व उनकी पत्नी को लाठी डंडों और लोहे की रॉड से जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने सत्येन्द्र के घर में लगे पेड़-पौधों को भी नष्ट कर दिया और गमले तोड़ डाले। साथ ही उनको जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल करने के बाद तस्वीर साफ होगी। उसी के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

# पति के हमले में घायल विवाहिता की हुई मौत

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर तहसील अंतर्गत ककवन थाना क्षेत्र के मिंडा निवादा गांव में शराबी पति ने बृहस्पतिवार को पत्नी पर फावड़े से हमला कर दिया था। हमले से घायल पत्नी ने शुक्रवार की सुबह उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।


रूबी।

आरोपी पति बराती लाल ने शराब का आदी है, इसी बात को लेकर पिछले कई दिनों से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। गुरुवार शाम मामूली विवाद के बाद बराती लाल ने पत्नी रूबी पर फावड़े से हमला कर दिया था। फावड़ा रूबी के गर्दन में लगा था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद बराती लाल मौके से फरार हो गया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल रूबी को शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया था। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

हैलट अस्पताल में उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह ही रूबी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गये। उनकी तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस की गिरफ्त में बराती लाल।

## महिला को पीटने पर रिपोर्ट दर्ज

**बिल्हौर।** बिल्हौर पूरा क्षेत्र में रहने वाली आरती ने अपने बच्चों को बार-बार पीटने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज कराई है। घटना 10 जून की है पीड़ित आरती ने अपनी शिकायत में कहा है कि उनके बच्चों को बिना किसी कारण के अक्सर पीटा जाता है और जान से मारने की धमकियां दी जाती हैं। 10 जून की रात, पप्पु पुत्र हीरालाल, दुर्गालाल, लल्ली, और रंजीत पुत्रगण पप्पु को उनके बच्चों को पीटने के बारे में पूछा, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए आरती पर लाठी और डंडों से हमला कर दिया। इस हमले से आरती के सिर पर चोट आई और खून बहने लगा। आरती ने बताया कि उन्होंने और उनके बच्चों ने खुद को बचाने की कोशिश की और शोर मचाया, तो हमलावरों ने उन्हें और पीटा। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग इकट्ठा होने लगे, जिस पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। इस मारपीट में आरती सक्सेना को काफी चोटें आई हैं और उनका परिवार इस घटना से बहुत भयभीत है।


लोगों को शर्बत पिलातीं महिलायें। अमृत विचार

### भीषण गर्मी में शर्बत पिलाकर राहगीरों को दी राहत

**घाटमपुर।** नगर में भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए व्यवसायी राजेन्द्र गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पन्नालाल गुप्ता ज्वैलर्स के सामने स्टॉल लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया। उन लोगों ने वहां से निकलने वाले राहगीरों व वाहनों सवारों को रोक रोककर शर्बत वितरित किया। ठंडा शर्बत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान राजकुमारी, भारती गुप्ता, रम्मू गुप्ता, विपिन, शिवानी, सुमित, साक्षी आदि लोगों ने शर्बत वितरण में सहयोग किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज

पत्रांक– 717/ न0पा0प0छि0 / ई–टेण्डर / निर्माण / 2025–26 दिनांक– 13 जून 2025

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि की अवशेष धनराशि के अधीन ठेकेदारो / फर्मो से निम्नलिखित कार्यो हेतु मोहर बन्द निविदाऐं दिनांक – 20.06.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। टेण्डर फार्म के साथ संलग्न नियम व शर्तो के अनुसार ही निविदायें मान्य होगी। प्राप्त निविदाऐं उसी दिन अथवा अन्य किसी दिन ठेकेदारो / फर्मो की उपस्थिति / अनुपस्थिति में अध्यक्ष महोदय के समक्ष खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय में सन्निहित होगा। बिना कारण बताए आमन्त्रित निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सन्निहित होगा। निविदा की विक्री कार्यालय कार्य दिवस में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि | 2% धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य+GST+ प्रोसेसिंग फीस | कार्य का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में कैलाश पर्वत के पास मिट्टी भराव का कार्य। | 479333 | 9600 | 630 + 113 + 250 + 100<br>1093 | 15 दिन |
| 2 | नगर पालिका परिषद छिबरामऊ विभिन्न वार्डो में स्आईल बोर्ड आपूर्ति एवं अधिष्ठापन का कार्य। | 487692 | 9800 | 640 + 115 + 250 + 100<br>1105 | 15 दिन |

अत: उपरोक्त दशा में इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार अपनी–अपनी मोहर वन्द निविदायें नियत दिनांक व समय में कार्यालय के टेण्डर बाक्स में डाली जा सकती है। नियत दिनांक व समय के बाद प्राप्त निविदायें व सशर्त निविदायें मान्य न होंगी। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क करके जानकारी की जा सकती है।

(रविराज कौशल)
अवर अभियन्ता (सिविल)
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद – कन्नौज

(सुनील कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद – कन्नौज


**उफ्फ! ये गर्मी** — भीषण गर्मी के चलते घरों में दुबके लोग, दोपहर में बाजारों और सड़कों पर रहता है सन्नाटा

# तेज धूप व गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को भी सुबह से ही आग बरसाती सूरज की किरणों से जनजीवन प्रभावित रहा। तन झुलसाने वाली चटक धूप के कारण ज्यादातर लोग घरों में ही रहे। वहीं जबरदस्त तपिश व लू के चलते कस्बे की बाजार व प्रमुख मार्गों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आया। अत्यंत जरूरी कार्य वाले लोग ही घरों से निकल रहे हैं। हीट स्ट्रोक आदि से बचाव के लिए चिकित्सकों ने विशेष सावधानी बरते जाने की सलाह दी है।

बीते सप्ताह भर से क्षेत्र में गर्मी का जबरदस्त कहर जारी है। कभी कभी आसमान में आते जाते बादलों के बावजूद गर्मी का असर कम होता नहीं दिख रहा है। सुबह से निकल रही तेज धूप व गर्म हवाओं से जनजीवन अव्यवस्थित हो रहा है। शुक्रवार को भी सुबह से ही निकली तेज धूप और उसके बाद चली लू ने लोगों को झुलसा कर रख दिया। लोगों को घरों में कैद रहने के लिए विवश कर दिया। आवश्यक कार्य से निकले लोग छाता, अंगौछा व दुपट्टे आदि से खुद को बचाते नजर आए।

दोपहर 12:00 बजे के बाद जीटी रोड, बंदी माता रोड व बेला मार्ग समेत अन्य संपर्क मार्गों पर जबरदस्त सन्नाटा दिखाई दिया। हालांकि 3:00 बजे के आसपास आसमान में हल्के बादल छाए, लेकिन गर्मी से राहत नहीं दिला सके। भीषण उमस के चलते लोग पसीना से तरबतर रहे। जबरदस्त गर्मी के दौरान बिजली की कटौती और भी समस्या बढ़ाये हुए है। ऐसे में लोगों को न तो दिन में सुकून मिल पा रहा, और न ही रात में चैन की नींद सो पा रहे हैं। लोगों को कहना है कि इस भीषण गर्मी में बिजली की कटौती कोढ़ में खाज का काम कर रही है।


गर्मी के चलते सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### डॉक्टर की सलाह

- मौजूदा समय में पड़ रही भीषण गर्मी व गर्म हवाएं शरीर के लिए खतरनाक हैं। जरा सी लापरवाही स्वास्थ्य के लिए खतरा उत्पन्न कर सकती है। सीएचसी प्रभारी डॉ यशोवर्धन सिंह ने बताया कि गर्मी के मौसम में शरीर में पानी की कमी के चलते डिहाइड्रेशन की समस्या होना आम बात है। जिससे बचाव के लिए थोड़ी–थोड़ी देर में पानी का सेवन अवश्य करते रहें। धूप में निकलने से बचें। मजबूरीवश बाहर निकलने की स्थिति में सिर को अंगौछा अथवा दुपट्टे से अच्छी तरह से ढक कर रखें। सूती कपड़े पहनें। बाजार में बिकने वाले खुले खाद्य पदार्थ का सेवन बिलकुल भी न करें। तली भुनी चीजों के बजाय हरी सब्जियों, ताजा फलों का जूस, नीबू पानी पीयें।

# फैक्ट्री कर्मी को चारपाई से बांध किया मरणासन्न

## पत्नी के चचेरे भाई ने पीड़ित को किया बंधनमुक्त, सीओ ने मौके पर की छानबीन, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** नारीखेत गांव में बिजली घर के पास बने मकान में रात को चोरों ने धावा बोलकर गृहस्वामी फैक्ट्री कर्मी को बंधक बनाकर चारपाई में रस्सी से बांधकर मरणासन्न कर दिया। जानकारी पर पहुंचे सीओ व थाना प्रभारी ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए।

रनियां थाना क्षेत्र के नारीखेत गांव के पास बिजली घर के बगल में नवनिर्मित मकान पर रजनीकांत दुबे (45) रहकर खानचंद्रपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। वह मूलरूप से ज्योति सरैया थाना शिवली के रहने वाले हैं। उन्होंने अपना मकान नारीखेत में करीब दो वर्ष पहले बनवाया था। करीब दो माह पूर्व से रजनीकांत की पत्नी सावित्री दुबे बीमारी से ग्रस्त होने के कारण मायके रूरा क्षेत्र के गहलों में रह रही हैं। गुरुवार शाम को रजनीकांत ड्यूटी से आने के बाद खा-पीकर कर सो गए। शुक्रवार को सुबह पत्नी ने रजनीकांत को जब फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। इसपर फैक्ट्री में काम करने वाले साथी को फोन करने पर पता चला कि रजनीकांत ड्यूटी पर नहीं आए हैं। जानकारी पर रनियां की फैक्ट्री में ड्यूटी कर रहा चचेरा भाई विकास तिवारी अपने साथी के साथ जीजा के घर गया। वहां गेट पर बाहर से ताला बंद था। उसने बाहर पड़े गिट्टी के ढेर पर चढ़कर देखा तो रजनीकांत दुबे धूप में एक चारपाई पर बंधे पड़े थे और आसपास खून के छींटे पड़े थे। जिसपर वह बाउंड्री फांदकर अंदर गया और जीजा को चारपाई से खोलकर शोर मचाया। मौके पर पहुंचे लोगों ने डायल 112 पुलिस थाने में सूचना दी। जिसपर थाना प्रभारी संजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए। वहीं सीओ सदर संजय वर्मा ने चोरी हुए सामान के बारे में जानकारी की तो परिजनों ने फिलहाल अनुमान लगाने के बाद जानकारी देने की बात कही। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


घटनास्थल पर साक्ष्य संकलित करती फॉरेंसिक टीम।


घटना के बाद चारपाई के आसपास बिखरा खून देखते सीओ संजय वर्मा।

### घंटे भर फोन के बाद भी नहीं पहुंची एंबुलेंस

घटना के बाद पुलिस ने घायल रजनीकांत से जानकारी लेने की कोशिश की तो हालात नाजुक होने पर वह कुछ नहीं बता सके। वहीं बहनोई को बंधन मुक्त कराने के बाद विकास तिवारी काफी देर तक तक एंबुलेस के लिए फोन करते रहे, लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। विकास तिवारी ने कहा कि उन्होंने करीब एक घंटे तक एंबुलेंस के लिए फोन किया, लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। जिसपर वह निजी वाहन से घायल रजनीकांत को मेडिकल कालेज अकबरपुर ले गए।


मरणासन्न फैक्ट्री मजदूर रजनीकांत। अमृत विचार

# रामगंगा नहर में गिरी कार, दरोगा व सिपाही ने फंसे चार कार सवारों को बाहर निकाला

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** एक अनियंत्रित कार रामगंगा नहर में गिर गई। जिसे देखकर औनहां चौकी के दरोगा, सिपाही व ग्रामीणों ने पानी में छलांग लगाकर फंसे चार कार सवारों को बाहर निकाल लिया।

शुक्रवार की सुबह एक कार अनियंत्रित होकर रामगंगा नहर में गिर गई थी। जिसमें अजीत, अंशू अवस्थी, सोनू तिवारी व आशू तिवारी भोलानिवादा गांव से होकर जा रहे थे। तभी औनहां चौकी के पास कार अनियंत्रित होकर रामगंगा नहर में जा गिरी। कार गिरते देख पास खड़े चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह व सिपाही अंकित नहर पानी में कूद गए और कड़ी मशक्कत के बाद चारों कार सवारों को पानी से बाहर निकाल लिया। बाद में ट्रैक्टर से कार को भी नहर से बाहर निकाला गया। जिससे बड़ा हादसा होते बच गया।


रामगंगा नहर में गिरी कार को ट्रैक्टर से बाहर निकालते ग्रामीण। अमृत विचार

### चौकी इंचार्ज व सिपाही का होगा सम्मान

- मानव सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने रामगंगा नदी में गिरी कार सवारों को बचाने के लिए पानी में छलांग लगाने वाले चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह व सिपाही को सम्मानित करने की बात कही है।


चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह।

### पेंशनर्स जीवन प्रमाण पत्र करें प्रस्तुत

**कानपुर देहात।** जनपद के सभी पेंशनरों को वरिष्ठ कोषाधिकारी ने अवगत कराया कि कोषागार से अनवरत पेंशन प्राप्ति के लिए एक वर्ष की अवधि में एक बार जीवन प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया चल रही है। सभी पेंशनर समय पर जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन या कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें। जिससे उनकी मासिक पेंशन भुगतान प्रक्रिया संभव हो सके। वहीं ऐसे पारिवारिक पेंशनर जिन्होंने 80 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली है। उन्हें पेंशन में 80 वर्षीय लाभ प्रदान करने के लिए अपनी जन्मतिथि प्रमाणन संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।

# जीरो पॉवर्टी के लाभार्थियों के बनेंगे अंत्योदय कार्ड

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अंत्योदय लाभार्थियों की ग्रामवार सूची तैयार कराकर ग्राम सभा की खुली बैठक 15 से 21 जून के बीच कराई जाएंगी। इसके बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 अंतर्गत लक्ष्य से कम चल रहे अंत्योदय कार्ड के लिए मानक के अनुसार पात्रों का चयन कर सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

शुक्रवार को यह निर्देश डीएम आलोक सिंह ने देते हुए कहा कि जीरो पॉवर्टी पोर्टल पर जनपद में 288 लाभार्थी अंत्योदय राशन कार्ड के लिए चयनित किए गए हैं। जिनका प्रस्ताव ग्राम सभा की खुली बैठक में कराकर पात्रता के आधार पर जारी किए जाएं। चिंहित परिवारों को आवास, श्रम कार्ड, वृद्धावस्था, निराश्रित विधवा, दिव्यांग पेंशन आदि का लाभ दें। जिलाधिकारी ने बताया कि ड्यूटी चार्ट के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत पर एक अधिकारी पर्यवेक्षणीय अधिकारी नामित किया गया है।

# फाइलेरिया की गंभीरता बयां कर रहा पीएसपी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सीएमओ कार्यालय में पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) सदस्यों की बैठक हुई। सीएमओ ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अकबरपुर, मलासा व सरवनखेड़ा ब्लॉक में सीएचओ के नेतृत्व में पीएसपी गठन के बाद हुए कार्यों व उपलब्धियों की समीक्षा कर निर्देश दिए।

शुक्रवार को सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बैठक में कहा कि पीएसपी समुदाय में छिपे हुए हाईड्रोसील मरीजों को चिंहित करने में सहयोग करें और उन्हें सर्जरी कराने के लिए प्रेरित करें। मरीज फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के साथ ही साफ-सफाई व रोग प्रबंधन करें। साथ ही पीएसपी सदस्यों के साथ समुदाय में बीमारी की गंभीरता व भयावहता के प्रति जागरूक करें। जिससे इस बीमारी कारण दिव्यांगता से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि सभी पीएसपी सदस्य समुदाय में जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से फाइलेरिया से बचाव के लिए अगस्त माह में चलने वाले सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर जिला मलेरिया अधिकारी मारुति दीक्षित, तीनों ब्लॉक के एमओआईसी, बीसीपीएम, पीएसपी सदस्य सीएचओ, एएनएम आदि मौजूद रहे।


पीएसपी सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक करते सीएमओ डॉ. एके सिंह। अमृत विचार


कव्वाली सुनने के लिए मौजूद श्रोता। अमृत विचार



कव्वाली कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

# जो दुश्मन-ए- नबी है वो बर्बाद रहेगा...

संवाददाता सिकंदरा

- सिकंदरा में सालाना उर्स मुबारक पर दो दिवसीय कव्वाली

**अमृत विचार।** कस्बा में हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बाबा फकरुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैय एवं बाबा तहसीन शाह रहमतुल्लाह अलैय चिश्ती के सालाना उर्स मुबारक पर दो दिवसीय कव्वाली का आयोजन किया गया।

जिसका शुभारंभ एक उम्मीद संस्था की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव व डॉ. जमील अहमद खान ने फीता काटकर किया।शुक्रवार को के मशहूर कव्वाल जुनैद शुल्तानी बदायूं का कव्वाल अनीस नवाब अहमदाबाद के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें जो दुश्मने नबी है वो बर्बाद रहेगा, हुसैन जिंदाबाद रहेगा, सब पागल पागल कहते हैं, मैं यार का हूं दीवाना..., हमारे तुम्हारे नहीं सबके हैं मोहम्मद, मोहम्मद सा कोई नहीं..., की लहजेदार कव्वालों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात निस्बत-ए-पीर पर कव्वाली का दौर चलता रहा। और पंडाल में बैठे श्रोताओं की वाह वाही गूंजती रही। इस दौरान पूर्व चेयरमैन मुन्ना कुरैशी पूर्व चेयरमैन, समाजसेवी परवेज आलम, असलम राईन पूर्व सभासद, मोहम्मद कलाम व्यापार मंडल अध्यक्ष, राशिद खान सपा कमेटी अध्यक्ष, जावेद अख्तर, रामू-श्यामू ब्रदर्स, मनोज शुक्ला उपाध्यक्ष, सतीश कटियार उपाध्यक्ष, शादाब मास्टर, सहीम अंसारी, समीम मंसूरी, वसीम मंसूरी, डॉ. मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद रहे।

# दुर्घटना के तीन कारण लापरवाही अज्ञानता और जल्दबाजी

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** वन क्षेत्र में आग के कारण क्षति और रोकथाम, लू व आकाशीय बिजली के समय बचाव को लेकर प्रशिक्षण वाणिकी संस्थान संजय वन में वन अधिकारियों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा था। शुक्रवार को अंतिम दिन मुख्य प्रशिक्षक आपदा प्रबंधन लखन शुक्ला ने फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन कानपुर एडिबल्स प्राइवेट लिमिटेड मयूर रिफायनरी रनियां में किया। उन्होंने बताया कि घटना के तीन कारण लापरवाही, अज्ञानता व जल्दबाजी है। उन्होंने बताया कि आग ऑक्सीजन व उचित ताप के मिलने पर ही लगती है। इस मौके पर प्रबंध निदेशक मयूर ग्रुप मनोज गुप्ता, जीएम मनोज शर्मा, मृदुलेंद्र सिंह, प्रवेश तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, यश मेहता, राजू जैन, फायर सुपरवाइजर आशुतोष शुक्ला, मेराज अहमद आदि उपस्थित रहे।


मयूर रिफायनरी में बचाव का प्रशिक्षण देते आपदा प्रशिक्षक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सिकंदरा में 21 जून को संपूर्ण समाधान दिवस

**कानपुर देहात।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित किया जाता है। जिसके क्रम में जून माह के तृतीय शनिवार 21 जून को जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में तहसील सिकंदरा में जिलास्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह तहसील अकबरपुर में सीडीओ लख्मीं एन., तहसील भोगनीपुर में एडीएम प्रशासन, तहसील डेरापुर में एडीएम वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।

### रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण की जांची व्यवस्था

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर पुलिस भर्ती-2023 के जेटीसी/आरटीसी प्रशिक्षण के बावत जनपद में आने वाले रिक्रूट आरक्षियों के संबंध में ली। उन्होंने रिक्रूटों के प्रशिक्षण व उनके रहने के लिए बैरक आदि का निरीक्षण कर सभी मूलभूत सुविधाओं को दुरस्त करने के निर्देश दिए। जिससे प्रशिक्षण में आने वाले आरक्षियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस दौरान एएसपी राजेश पांडेय आरआई आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह ने विभिन्न पार्टी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस माती का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी व्यवस्था, साफ-सफाई, रखरखाव आदि का जायजा लेकर निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम प्रशासन अमित कुमार, पीडी वीरेंद्र सिंह, भाजपा से श्याम बिहारी शुक्ला, सपा से शेखू खान व ब्रज मोहन, कम्युनिस्ट पार्टी से राम औतार मौजूद रहे।

### महिला आयोग उपाध्यक्ष 16 को करेंगी भ्रमण

**कानपुर देहात।** राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव का 16 जून को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार उपाध्यक्ष वृद्धाश्रम, जिला महिला चिकित्सालय, वन स्टाप सेंटर व जिला महिला बंदीगृह का निरीक्षण करेंगी।

### किशोरी को ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**शिवली।** किशोरी को बरगलाकर ने जाने में नामजद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि बीती 11 जून को सबलपुर बिठूर के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि तीन लोग उसकी नाबालिग लड़की को बरगलाकर कहीं ले गए हैं। दरोगा केशवदेव व सिपाही सतीश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त योगेंद्र कुमार मूल निवासी ग्राम बर्मूपुर कोतवाली औरैया व हाल मुकाम थाना शिवली के सबलपुर बिठूर को रंजीतपुर नहर पुल के पास से शुक्रवार की दोपहर पकड़ लिया। आरोपी को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर देहात।** पुलिस ने दुष्कर्म के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बीती 24 जून को पुत्री के साथ बड़ागांव कपराहट निवासी प्रदीप कुमार उर्फ दिवारी लाल के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर पॉक्सो एक्ट की धारा बढ़ाकर आरोपी की तलाश शुरू की थी। एसआई योगेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मामले में शुक्रवार को अभियुक्त प्रदीप कुमार उर्फ दिवारी लाल को ग्राम गहलू बक्सहा में उसके ताऊ के घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### जिला सैनिक बंधु की बैठक 19 जून को होगी

**कानपुर देहात।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि सभी भूतपूर्व व सेवारत सैनिकों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया है कि उनकी समस्याओं का निराकरण के लिए 19 जून को दोपहर एक बजे कार्यालय परिसर में जिला सैनिक बन्धु की बैठक होगी। जिसमें समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र देकर निराकरण कराया जा सकता है।

**2 मिनट रखा मौन** | भाजपा जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित किए

# विमान दुर्घटना पर संवेदना जता मृतकों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अहमदाबाद में एयर इंडिया यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर भाजपा पार्टी कार्यालय में शोकसभा हुई।

गुरुवार को अहमदाबाद में विमान दुर्घटनाग्रस्त होने की हृदयविदारक घटना के बाद शुक्रवार को भाजपा के माती जिला कार्यालय में सामूहिक शोकसभा हुई। जिलाध्यक्ष रेणुका सचान के नेतृत्व में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. विजय रूपाणी सहित सभी यात्रियों के निधन पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर संवेदना व्यक्त की गई। उनकी आत्मशांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की। बता दें कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी अपने परिवार से मिलने के लिए अहमदाबाद से लंदन जा रहे थे। इस दौरान कल्पना सक्सेना, सौरभ मिश्रा, राकेश तिवारी, केपी सिंह, बिट्टू द्विवेदी, अमित राजपूत, अंशु तिवारी, बालजी शुक्ला, शिव विलास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि :** शुक्रवार को एकीकृत बार एसो. माती कार्यालय न्यायालय परिसर में सभी पदाधिकारियों और अधिवक्ता ने विमान हादसे में दिवंगतों की आत्मा शांति और उनके परिवार वालों को साहस, बल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही शोकसभा कर दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर महामंत्री एकीकृत बार देवेंद्र मिश्रा भोला, मनोज यादव, प्रसून यादव, सबिया ख़ान, गौरव यादव, राम नरेश मिश्रा, शिव प्रताप भदौरिया, पंकज यादव, आलोक सिंह, प्रदीप शर्मा, आशुतोष द्विवेदी, योगेंद्र सिसोदिया, साकेत ओमर, राज किशोर, ज्ञानेंद सिंह मौजूद रहे।



विमान हादसे में दिवंगत गुजरात के पूर्व सीएम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपाई।


मैथा तहसील में मौन रखकर श्रद्धांजलि देते अधिवक्ता।

### अधिवक्ताओं ने दो मिनट का रखा मौन

**शिवली।** गुजरात के अहमदाबाद में विमान हादसे में मृत यात्रियों की आत्मशांति के लिए मैथा तहसील में शोकसभा की और दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। साथ ही कैंडल मार्च भी निकाला गया। तहसील अध्यक्ष कुलदीप तिवारी की देखरेख में शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुधीर सिंह भदौरिया, उपाध्यक्ष राहुल दीक्षित, उमाकांत त्रिपाठी, अंकित सिंह, वीरेंद्र सिंह, शारदा शुक्ला, अंकित द्विवेदी, रविकांत कमल, शिववीर सिंह, प्रमोद कुशवाहा, शोभा देवी, रवि दुबे आदि मौजूद रहे।

# एसपी की मौजूदगी में योगाभ्यास शिविर

**कानपुर देहात।** माती पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमे पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई।

मानसिक तनाव से मुक्ति एवं स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित शिविर में बेसिक शिक्षा विभाग के राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक नवीन कुमार दीक्षित ने सभी को योगाभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि योग से मन एवं आत्मा को संतुलित किया जा सकता है। यह न केवल शारीरिक लचीलापन और आत्मबल बढ़ाता है। बल्कि मानसिक अनुशासन और शांति भी प्रदान करता है। एसपी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास करें। जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकें। इसके बाद एसपी ने आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए सुरक्षा के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को निर्देश दिए।

# 50 ग्राम पंचायतों में 19 को शुरू होंगे ओपन जिम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने ग्राम स्तर पर लोगों के बेहतर स्वास्थ्य एवं शारीरिक विकास के लिए ओपन जिम व खेल का मैदान तैयार कराने के निर्देश दिए हैं। जिसके क्रम में जनपद की 50 ग्राम पंचायतों में 19 जून को जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में ओपन जिम का शुभारंभ किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने बताया कि प्रथम चरण अंतर्गत जनपद की 50 ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थल में कंवर्जेंस से ओपन जिम का निर्माण कार्य कराया गया है। इनमे विकासखंड अकबरपुर की 2 ग्राम पंचायत, अमरौधा 9, डेरापुर 7, झींझक 4, मैथा 6, मलासा 2, राजपुर 5, रसूलाबाद 3, संदलपुर 2 व सरवनखेडा की दस समेत कुल 50 ग्राम पंचायतों का चयन करते हुए ओपन जिम का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इनका शुभारंभ होने से बच्चो के शरीरिक विकास में वृद्धि होने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ्ता बढ़ेगी। साथ ही ग्राम पंचायत के बुजुर्ग व ग्रामीण भी प्रातः भ्रमण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना से सभी ग्राम वासियों को लाभांवित कराए जाने के लिए जिला प्रशासन ग्राम पंचायत स्तर पर गांव-गांव खेलों के मैदान और ओपन जिम की व्यवस्था करने में लगा है। ओपन जिम में कार्डियो व्यायाम के लिए उपकरण जैसे ट्रेडमिल, साइकिल, एलिप्टिकल मशीन, शक्ति प्रशिक्षण के लिए फ्री वेट मशीनें और कार्यात्मक प्रशिक्षण के लिए विशेष क्षेत्र उपलब्ध रहेंगे।

